प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक: 30.10.2026

◆श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर थाना के पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर की गई समीक्षा।

◆साईबर फ्राड से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र को शत-प्रतिशत निस्तारण करने लिए दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में श्री शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद के साईबर थाना पर नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ मीटिंग कर कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा विशेष रूप से एम.आर.एम. (MRM) एवं जी.आर.एम. (GRM) पोर्टल पर दर्ज साइबर अपराध संबंधी शिकायतों के स्टेटस की गहन जांच की गई। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर फ्रॉड हो जाता है, तो शिकायत प्राप्त होते ही सबसे पहले पीड़ित व्यक्ति के खाते को होल्ड कराया जाए। तत्पश्चात बैंक, वित्तीय संस्थाओं और एम.आर.एम. (MRM) व जी.आर.एम. (GRM) पोर्टल के माध्यम से प्रभावी समन्वय स्थापित कर सभी प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत व त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में साइबर थाने के सभी रजिस्टरों व संबंधित पोर्टलों का बारीकी से अवलोकन करते हुए पुलिस कर्मियों को कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता और तेजी लाने का कड़ा संदेश दिया गया।